Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 22

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

4 शव्वाल 1441 हिजरी कमरी 28 हिजरत 1399 हिजरी शमसी 28 मई 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

दुआ से अज़ाब टल जाता है और हज़ारों क्या समस्त काम दुआ से निकलते हैं। यह बात याद रखने के योग्य है कि अल्लाह तआला का समस्त चीज़ों पर सम्पूर्ण अधिकार है। वह जो चाहता है करता है।

मुझे यह देखकर बहुत अफ़सोस होता है कि आजकल इबादत और तक़्वा और धर्म से मुहब्बत नहीं है। इबादत में जिस प्रकार का आन्नद आना चाहिए वह नहीं आता, वे लोग जो अल्लाह तआला की इबादत में आन्नद और मज़ा नहीं पाते उन को अपनी बीमारी की चिन्ता करनी चाहिए।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

मुबारक वह है जो कामयाबी और ख़ुशी के समय तक़्वा से काम ले

अक्सर लोगों के हालात किताबों में लिखे हैं कि आरम्भ में दुनिया से सम्बन्ध रखते थे और बहुत अधिक सम्बन्ध रखते थे लेकिन उन्होंने कोई दुआ की और वह दुआ क़बूल हो गई। इस के बाद उनकी हालत ही बदल गई, इसलिए अपनी दुआओं की क़बूलीयत और सफलताओं पर गर्वित न हो बल्कि ख़ुदा के फ़ज़ल और इनायत की क़दर करो। नियम है कि कामयाबी पर हिम्मत और हौसला में एक नई ज़िन्दगी आ जाती है इस ज़िन्दगी से लाभ उठाना चाहिए और इस से अल्लाह तआला की मार्फ़त में तरक़्क़ी करनी चाहिए क्योंकि सबसे उच्च स्तर की बात जो काम आने वाली है वह यही इलाही मार्फ़त है और यह ख़ुदा तआला के फ़ज़ल तथा रहम पर ग़ौर करने से पैदा होती है। अल्लाह तआला के फ़ज़ल को कोई रोक नहीं सकता। बहुत ग़रीबी भी इन्सान को मुसीबत में डाल देती है। इसलिए हदीस में आया है

اَلْفَقْرُ سَوَادُ الْوَجْهِ۔

ऐसे लोग ख़ुद मैंने देखे हैं जो अपनी ग़रीबी के कारण से नास्तिक हो गए हैं मगर मोमिन किसी तंगी पर भी ख़ुदा से बदगुमान नहीं होता और इस को अपनी ग़लतियों का नतीजा क़रार दे कर इस से रहम और फ़ज़ल का निवेदन करता है और जब वह ज़माना गुज़र जाता है और इस की दुआएं सफल होती हैं तो वह इस विनम्रता के ज़माना को भूलता नहीं बल्कि उसे याद रखता है। अत: अगर इस पर ईमान है कि अल्लाह तआला से काम पड़ना है तो तक़्वा का तरीक़ा धारण करो। मुबारक वह है जो सफलता और ख़ुशी के वक़्त तक़्वा धारण कर ले और बदक़िस्मत वह है जो ठोकर खा कर उस की तरफ़ न झुके।

तक़रीर हज़रत अक़्दस अलैहिस्सलाम

18 जनवरी 1898 ई

तक़्दीर

तक़्दीर दो किस्म की होती है। एक का नाम मुअल्लक़ है और दूसरी को मुबरम कहते हैं। अगर कोई तक़्दीर मुअल्लक़ हो तो दुआ और सदक़ात उस को टला देते हैं और अल्लाह तआला अपने फ़ज़ल से इस तक़्दीर को बदल देता है। और मुबर्रम होने की अवस्था में वह सच्चाई और दुआ इस तक़्दीर के बारे में कुछ लाभ नहीं पहुंचा सकते। हाँ वह व्यर्थ और फ़ुज़ूल भी नहीं रहते क्योंकि यह अल्लाह तआला की शान के ख़िलाफ़ है। वह इस दुआ और सच्चाई का असर और नतीजा किसी दूसरे ढंग में इस को पहुंचा देता है। कुछ अवस्थायों में ऐसा भी होता है कि ख़ुदा तआला किसी तक़्दीर में एक वक़्त तक ठहराव और देरी डाल देता है।

क़ज़ाए मालिक और मुबरम का स्रोत और पता क़ुरआन करीम से मिलता है। यह शब्द यद्यपि नहीं। जैसे क़ुरआन करीम ने फ़रमाया है।

اُدْعُوْنِيْٓ اَسْتَجِبْ لَكُمْ (अल-मोमिन:61) अनुवाद : दुआ माँगो। मैं स्वीकार करूँगा। अब यहां से मालूम होता है कि दुआ क़बूल हो सकती है। और दुआ से अज़ाब टल जाता है और हज़ारों क्या समस्त काम दुआ से निकलते हैं। यह बात याद रखने के योग्य है कि अल्लाह तआला का समस्त चीज़ों पर सम्पूर्ण अधिकार है। वह जो चाहता है करता है। इस के छुपे हुए तसर्रुफ़ात की लोगों को चाहे ख़बर हो या न हो मगर सैंकड़ों तजुर्बा वालों के वसीअ अनुभव और हज़ारों दर्दमंदों की दुआ के स्पष्ट नतीजे बतला रहे हैं कि इस का एक पोशीदा और छुपा हुआ तसर्रुफ़ है। वह जो चाहता है मिटा देता है और जो चाहता है स्थापित करता है। हमारे लिए यह बात ज़रूरी नहीं कि हम उस की तह तक पहुंचने और इस के भेद और कैफ़ीयत मालूम करने की कोशिश करें। जबकि अल्लाह तआला जानता है कि नष्ट होने वाली है। इस लिए हम को झगड़े और मुबाहिसों में पड़ने की ज़रूरत नहीं। ख़ुदा तआला ने इन्सान की क़ज़ा तथा क़द्र को शर्त के साथ भी कर रखा है जो तौबा, विनय तथा विनम्रता ,से टल सकती है। जब किसी किस्म की तकलीफ़ और मुसीबत इन्सान को पहुँचती है तो वह फ़ित्रतन और कुदरती तौर पर उत्तम कर्मों की तरफ लौटता है। अपने अंदर एक दुख और वेदना महसूस करता है जो उसे बेदार करता और नेकियों की तरफ़ खींचे लिए जाता है और गुनाह से हटाता है। जिस तरह पर हम दवाइयों के प्रभाव को तजुर्बे के माध्यम से पा लेते हैं इसी तरह पर एक व्याकुल इन्सान जब ख़ुदा तआला के आस्ताना पर निहायत विनय और विनम्रता के साथ गिरता है और रब्बी रब्बी कह कर उस को पुकारता है और दुआएं मांगता है तो वो रोयाए सालेहा या इलहाम सहीहा के माध्यम से एक बशारत और तसल्ली पा लेता है। हज़रत अली करमहुल्लाह वजहा फ़रमाते हैं कि जब सब्र और सिदक़ से दुआ इंतिहा को पहुँचेगी तो वह क़बूल हो जाती है। दुआ, सदक़ा और ख़ैरात से अज़ाब का टलना ऐसी प्रमाणित सच्चाई है जिस पर एक लाख चौबीस हज़ार नबी की सहमति है और करोड़ों सुलहा और मुत्तकी और अल्लाह तआला के औलिया के व्यक्तिगत तजुर्बे इस बात पर गवाह हैं।

इबादात में लज़्ज़त और आन्नद रखा गया है

नमाज़ क्या है? यह एक ख़ास दुआ है मगर लोग इस को बादशाहों का टैक्स समझते हैं। नादान इतना नहीं जानते कि भला ख़ुदा तआला को इन बातों की क्या आवश्यकता है और इस की ज़ाती ग़िना को इस बात की क्या आवश्यकता है कि इन्सान दुआ,तस्बीह और तहलील में व्यस्त हो बल्कि इस में इन्सान का अपना ही लाभ है कि वह इस तरीक़ा पर अपने लक्ष्य को पहुंच जाता है। मुझे यह देखकर बहुत अफ़सोस होता है कि आजकल इबादत और तक़्वा और धर्म से मुहब्बत नहीं है। इस

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-5)

अगर तुम्हारे माँ बाप की इच्छा है कि तुम मुरब्बी बनो और तुम्हारा interestहै कि तुम डाक्टर बनो तो डाक्टर बन जाओ

अगर इंजीनियर बनने का शौक़ है तो इंजीनियर बन जाओ, lawyer बनने का शौक़ है तो lawyer बन जाओ या अगर कोई और काम करना है तो आज्ञा लेकर कर सकते हो,बेशुमार वाक़फ़ीन नौ हैं, प्रत्येक तो जामिया में जा भी नहीं सकता और जाते भी नहीं

हाँ माँ बाप की इच्छा होती है कि मुरब्बी बने, लेकिन पहली choice तुम्हारी है,अगर तुम्हारा दिल चाहता है या तुम्हारे पास options हैं और तुम्हें नहीं पता कि क्या बनना है तो फिर पहली option मुरब्बी की होनी चाहिए,फिर डाक्टरज़ हैं, टीचरज़ हैं और जो दूसरे विभाग हैं उनको ले सकते हो।

वाकफ़ीन नौ बच्चों की क्लास में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की बच्चों को सुनहरी नसीहतें

एक धार्मिक जमाअत और एक धार्मिक इन्सान होने की हैसियत से यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अपने धर्म की तब्लीग़ करें

अत: जिन को यह धर्म पसंद आता है वे इस तरफ़ आ जाते हैं, हमें उम्मीद है कि लोग आएँगे,सिर्फ़ हॉलैंड में ही नहीं बल्कि सारे देशों में अगर यह नस्ल नहीं तो अगली नस्ल इस्लाम की तरफ़ आएगी,हम इस हवाला से बहुत आशावादी हैं कि लोग इस्लाम स्वीकार कर लेंगे और अपने ख़ालिक़ के हो जाऐंग।

अलमेरे में मस्जिद बैयतुल आफियत के उद्घाटन के अवसर पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला की प्रैस कान्फ्रैंस

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

30 सितम्बर 2019 ई दिनांक सोमवार (बाक़ी रिपोर्ट)

7 बजे वाकफ़ीन नौ बच्चों की क्लास हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ के साथ शुरू हुई

वाकफ़ीन नौ बच्चों की क्लास

प्रोग्राम का आरम्भ तिलावत क़ुरआन करीम से हुआ जो प्रिय अली शहरयार ने की। इसका उर्दू अनुवाद प्रिय ताहा शकील ने प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रिय नदीम अहमद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुबारक हदीस का अरबी मतन प्रस्तुत किया जिसका निम्नलिखित उर्दू अनुवाद प्रिय मसरूर अहमद ने प्रस्तुत किया।

हज़रत अबू हुरैरह वर्णन करते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बताया कि अल्लाह तआला फ़रमाता है कि मेरा बंदा मेरा इन्कार करता है हालाँकि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए। वह मुझे गालियां देता है हालाँकि उसे ऐसा करने का हक़ नहीं था। मुझे झठलाने से अभिप्राय यह है कि वह कहता है अल्लाह तआला हमें दोबारा इस तरह पैदा नहीं कर सकता जिस तरह उसने हमें पहले पैदा किया है और मुझे गाली देने का अर्थ यह है कि वह कहता है अल्लाह तआला ने किसी को अपना बेटा बनाया है। हालाँकि मेरी ज़ात समद अर्थात बेनयाज़ है और न मेरा कोई बेटा है और न मैं पैदा किया गया हूँ। अर्थात न मैं किसी का बेटा हूँ और न ही मेरा कोई बराबर हो सकता है।

(मस्नद अहमद, भाग नम्बर 2 पृष्ठ 317)

इस के बाद प्रिय ख़ुर्रम शहज़ाद ने हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का निम्नलिखित उद्धरण प्रस्तुत किया।

हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं

"अत: चूँकि सनातन से और जब से कि दुनिया पैदा हुई है ख़ुदा का शनाख़्त करना नबी के शनाख़्त करने से जुड़ा है इसलिए यह ख़ुद ग़ैर-मुमकिन और असम्भव है कि नबी के अतिरिक्त तौहीद मिल सके। नबी ख़ुदा की सूरत देखने का आईना होता है इसी तरह आईना के द्वारा से ख़ुदा का चेहरा नज़र आता है। जब ख़ुदा तआला अपने आप को दुनिया पर प्रकट करना चाहता है तो नबी को जो उस की क़ुदरतों का मज़हर है, दुनिया में भेजता है और अपनी वह्य इस पर नाज़िल करता है और अपनी रबूबियत की ताक़तें उस के द्वारा दिखलाता है। तब दुनिया को पता लगता है कि ख़ुदा मौजूद है। अत: जिन लोगों का वजूद ज़रूरी तौर पर ख़ुदा के सनातन क़ानून की दृष्टि से ख़ुदा को पहचानने के लिए निर्धारित हो चुका है उन पर ईमान लाना तौहीद का एक भाग है और उस ईमान के अतिरिक्त तौहीद सम्पूर्ण नहीं हो सकती। क्योंकि संभव नहीं कि बिना इन आसमानी निशानों और क़ुदरत दिखाने वाले आशचर्यों के जो नबी दिखलाते हैं और मार्फ़त तक पहुंचाते हैं वह ख़ालिस तौहीद जो विश्वसनीय यक़ीन के स्रोत से पैदा होती है उपलब्ध हो सके। वही एक क़ौम है जो ख़ुदा दिखाने वाली है। जिनके द्वारा से वह ख़ुदा जिसका वजूद सूक्ष्म से सूक्ष्मतर और भेद से भेद वाला और ग़ैब वाला है, प्रकट होता है। और हमेशा से वह छुपा ख़जाना जिसका नाम ख़ुदा है नबियों के द्वारा से ही शनाख़्त किया गया है। वर्ना वह तौहीद जो ख़ुदा के निकट तौहीद कहलाती है, जिस पर अनुकरणीय रंग सम्पूर्ण तौर पर चढ़ा हुआ होता है इस का प्राप्त होना नबी के बिना जैसा कि अक़ल के ख़िलाफ़ है वैसा ही सालकीन के अनुभव के ख़िलाफ़ है।"

(हकीकतुल वह्य, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 22 पृष्ठ 115-116)

इसके बाद प्रिय हसन महमूद ने हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की नज़्म

हम्द व सना उसी को जो ज़ात जावेदानी
हमसर नहीं है उस का कोई न कोई सानी

मैं से चुने हुए अशआर अच्छी आवाज़ में पढ़ कर सुनाए।

इस के बाद प्रिय नूर अहमद रज़ा और प्रिय हमज़ा इब्तिसाम ने "हस्ती बारी तआला" के विषय पर अपना निबन्ध प्रस्तुत करते हुए विभिन्न तर्क दिए। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने वाकफ़ीन नौ बच्चों को सवाल करने की आज्ञा प्रदान फ़रमाई

एक बच्चे ने सवाल किया कि अल्लाह तआला ने यह दुनिया क्यों बनाई है? इस के जवाब में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: अल्लाह तआला की इच्छा है। तुम काग़ज़ की क्षति बनाते हो? तुम्हारा दिल चाहता है तो बनाते हो। तो अल्लाह की भी इच्छा है। अल्लाह तआला ने कायनात बनाई,फिर यह दुनिया भी बनाई, फिर इस में इन्सान पैदा किए। फिर अल्लाह तआला ने कहा है कि मैंने यह दुनिया बिना उद्देश्य के नहीं बनाई। इस का एक उद्देश्य भी है ताकि जो नेक लोग हैं, उनको उनकी नेकियों का बदला दे, अमुक से ख़ुश हो, उनको इनाम दे। तो इसलिए अल्लाह तआला ने दुनिया बनाई है। अल्लाह तआला ने कहा है कि मेरी बातें माना करो और नेक काम किया करो। फिर मैं तुम्हें इनाम दिया करूँगा।

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

"हमारी जमाअत का पहला फ़र्ज़ यह है कि वह अल्लाह तआला पर सच्चा ईमान हासिल करें।"

असल ईमान तो यह है और तक़्वा की मांग तो यह है कि अल्लाह तआला के साथ किए गए अह्द भी पूरे करो और बारीकी में जा कर पूरे करो और इसी तरह उस की अमानतों के हक़ भी अदा करो और बारीकी में जा कर अदा करो।

तक़्वा हासिल करो क्योंकि तक़्वा के बाद ही ख़ुदा तआला की बरकतें आती हैं।

नेक आदमी हो और सईद फ़ितरत हो, लोगों को फ़ायदा पहुंचाने वाला हो, अपनी भावनाओं को क़ाबू में रखने वाला हो, विनीत हो तो फ़रमाया कि लोग करामत की तरह इस से प्रभावित होंगे। यह भी तब्लीग़ करने का एक माध्यम है

क़ुरआन करीम की स्पष्ट हिदायत है कि मरीज़ हो तो ना रखो। मरीज़ होने के संभावना पर कि मरीज़ बन जाऐंगे रोज़ा छोड़ना यह ग़लत है।

अपनी हालतों और तबीअतों को देखते हुए अपने ज़मीर से फ़तवा लेकर रोज़ा रखने का फ़ैसला करने की नसीहत

रोज़ा रखने की तौफ़ीक़ पाने और महामारी से नजात हासिल करने के लिए दुआएं करने की नसीहत

दुनिया की बिगड़ती हुई आर्थिक अवस्था के परिप्रेक्ष्य में जंग के मंडलाते ख़तरों पर चिन्ता

"अल्लाह तआला हमें दुआओं की तौफ़ीक़ दे। अपनी हालतों को बेहतर करने की तौफ़ीक़ दे और दुनिया को, दुनियावी बड़ी हुकूमतों को अक़्ल से अपनी पालिसियां बनाने और भविष्य के लिए काम करने का तरीका बनाने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए।"

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,
दिनांक 24 अप्रैल 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू. के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُتِبَ عَلَيْكُمُ الصِّيَامُ كَمَا كُتِبَ عَلَى الَّذِيْنَ
مِنْ قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ﴿۱۸۴﴾ اَيَّامًا مَّعْدُوْدٰتٍ ؕ فَمَنْ كَانَ مِنْكُمْ
مَّرِيْضًا اَوْ عَلٰى سَفَرٍ فَعِدَّةٌ مِّنْ اَيَّامٍ اُخَرَ ؕ وَعَلَى الَّذِيْنَ يُطِيْقُوْنَهٗ فِدْيَةٌ طَعَامُ
مِسْكِيْنٍ ؕ فَمَنْ تَطَوَّعَ خَيْرًا فَهُوَ خَيْرٌ لَّهٗ ؕ وَاَنْ تَصُوْمُوْا خَيْرٌ لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ
تَعْلَمُوْنَ ﴿۱۸۵﴾ شَهْرُ رَمَضَانَ الَّذِيْٓ اُنْزِلَ فِيْهِ الْقُرْاٰنُ هُدًى لِّلنَّاسِ وَبَيِّنٰتٍ
مِّنَ الْهُدٰى وَالْفُرْقَانِ ۚ فَمَنْ شَهِدَ مِنْكُمُ الشَّهْرَ فَلْيَصُمْهُ ؕ وَمَنْ كَانَ مَرِيْضًا
اَوْ عَلٰى سَفَرٍ فَعِدَّةٌ مِّنْ اَيَّامٍ اُخَرَ ؕ يُرِيْدُ اللّٰهُ بِكُمُ الْيُسْرَ وَلَا يُرِيْدُ بِكُمُ الْعُسْرَ
وَلِتُكْمِلُوا الْعِدَّةَ وَلِتُكَبِّرُوا اللّٰهَ عَلٰى مَا هَدٰىكُمْ وَلَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ

(अलबकर 184 से 186)

इन आयतों का अनुवाद यह है कि हे लोगो जो ईमान लाए हो! तुम पर (भी) रोज़ों का रखना (इसी तरह) फ़र्ज़ किया गया है जिस तरह उन लोगों पर फ़र्ज़ किया गया था जो तुमसे पहले गुज़र चुके हैं ताकि तुम (रुहानी और अख़लाक़ी कमज़ोरियों से) बचो।

फिर अगली आयत का अनुवाद है कि (अत: तुम रोज़े रखो) कुछ गिनती के दिन। और तुम में से जो शख़्स मरीज़ हो या सफ़र में हो तो उसे और दिनों में संख्या पूरी करनी होगी और उन लोगों पर जो इस (अर्थात रोज़ा) की ताक़त न रखते हों (बतौर फ़िद्या) एक मिस्कीन का खाना देना (बशर्त सामर्थ्य) वाजिब है और जो शख़्स पूरे आज्ञापालन से कोई नेक काम करेगा तो यह उस के लिए बेहतर होगा और अगर तुम ज्ञान रखते हो तो (समझ सकते हो कि) तुम्हारा रोज़े रखना तुम्हारे लिए बेहतर है।

रमज़ान का महीना वह (महीना) है जिसके बारे में क़ुरआन (करीम) नाज़िल किया गया है। (वह क़ुरआन) जो समस्त इन्सानों के लिए हिदायत (बना कर भेजा गया) है और जो खुले तर्क अपने अंदर रखता है। ऐसे तर्क जो हिदायत पैदा करते हैं और इस के साथ ही (क़ुरआन में) इलाही निशान भी हैं। इसलिए तुम में से जो शख़्स इस महीना को (इस हाल में)देखे (कि न मरीज़ हो न मुसाफ़िर) हो उसे चाहिए कि वह उस के रोज़े रखे और जो शख़्स मरीज़ हो या सफ़र में हो तो इस पर और दिनों में संख्या (पूरी करनी वाजिब) होगी। अल्लाह तुम्हारे लिए आसानी चाहता है और तुम्हारे लिए तंगी नहीं चाहता और(यह हुक्म उसने इसलिए दिया है कि तुम तंगी में ना पड़ो और) ताकि तुम संख्या को पूरा कर लो और इस (बात) पर अल्लाह की बड़ाई करो कि उसने तुम को हिदायत दी है और ताकि तुम (उस के) शुक्रगुज़ार बनो।

अल्लाह तआला के फ़ज़ल से कल से यहां रमज़ान शुरू हो रहा है। अल्लाह तआला ने रमज़ान के रोज़े हमारी रुहानी तरक़्क़ी के लिए रखे हैं। क़ुरआन करीम की जो पहली आयत मैं ने तिलावत की है इस में यही फ़रमाया कि रोज़े तुम पर इसलिए फ़र्ज़ किए गए हैं ताकि तुम तक़्वा धारण करो और तक़्वा क्या है? इस की वज़ाहत करते हुए एक जगह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि

"तक़्वा यह है कि इन्सान ख़ुदा की समस्त अमानतों और ईमानी अह्द और ऐसा ही मख़लूक़ की समस्त अमानतों और अह्द को यथा सामर्थ्य ध्यान में रखे अर्थात उनके सूक्ष्म से सूक्ष्मतर पहलूओं पर अपने सामर्थ्य से बढ़ कर पाबन्द हो जाए।"

(ज़मीमा बराहीन अहमदिया हिस्सा 5, रुहानी ख़ज़ाइन भाग 21 पृष्ठ 210)

अर्थात अमानतों और ओहदों के सूक्ष्म से सूक्ष्मतर पहलूओं को सामने रखते हुए फिर उनको अदा करने वाला हो और इस का पाबंद हो जाए। अत: यह कोई आसान काम नहीं है। अल्लाह के अधिकार क्या हैं और बन्दों के अधिकार क्या हैं? इस की सूचि बनाने लगें तो इन्सान परेशान हो जाता है। अल्लाह तआला की इबादत का हक़ है जो हम अदा नहीं कर सकते। अल्लाह तआला के जितने हम पर उपकार हैं इस का हक़ बनता है कि इस की शुक्रगुज़ारी की जाए। यह शुक्रगुज़ारी का हक़ हम अदा नहीं करते और न कर सकते हैं और इस के बिना ही अक्सर लोग तो अल्लाह तआला की नेअमतों से फ़ायदा उठाते चले जाते हैं जैसे कि यह हमारा हक़ है हालाँकि यह अल्लाह तआला का एहसान है जो हमारी हालतों और ना शुक्रगुज़ारी के बावजूद हमें नवाज़ता चला जाता है। हमारे अह्द हैं जो हमने ख़ुदा तआला से किए हैं उनको हम पूरा नहीं करते। मख़लूक़ के अधिकार हैं, माता पिता के अधिकार हैं, पड़ोसी के अधिकार हैं, मुसाफ़िरों के अधिकार हैं, समाज के उमूमी अधिकार हैं जिन्हें हम अदा नहीं करते। जिन्हें हमें अदा करने का हुक्म है और हम उस का हक़ अदा नहीं करते। अत: अगर हम बारीकी से समीक्षा करें तो न हम अल्लाह तआला के हक़ अदा कर रहे हैं और न बंदों के। मैंने एक उमूमी सूचि बनवाई थी जिसमें कुछ मोटे मोटे अधिकार ही रखे थे तो जो बंदों के अधिकार हैं, अल्लाह तआला की मख़लूक़ के अधिकार हैं वह भी लगभग अट्ठाईस उनत्तीस बन गए थे। बहरहाल हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि वास्तिवक ईमान तो यह है और तक़्वा का तक़ाज़ा तो यह है कि अल्लाह तआला के साथ किए गए अह्द भी पूरे करो और बारीकी में जा कर पूरे करो और इसी तरह उस की अमानतों के हक़ भी अदा करो और बारीकी में जा कर अदा करो। इसी तरह मख़लूक़ के अह्द भी बारीकी से अदा करो और इस की अमानतों की भी एक फ़िक्र के साथ अदायगी करो तब

कहा जा सकता है कि तक़्वा है। और अल्लाह तआला फ़रमाता है कि यह रमज़ान का महीना इसलिए आया है, रोज़े रखने की तरफ़ इसलिए तुम्हें ध्यान दिलाया गया है कि साल के ग्यारह महीने में जो सुस्तियां कमियां इन अधिकार के अदा करने में हो गई हैं इस महीने में विशेष रूप से अल्लाह तआला की तरफ़ ध्यान करते हुए, अल्लाह तआला के लिए जायज़ चीज़ों को भी छोड़ते हुए, अल्लाह तआला की लिए भूख प्यास बर्दाश्त करते हुए, अल्लाह तआला की इबादत में पहले से बढ़कर ध्यान देते हुए, बंदों के अधिकार की अदायगी की तरफ़ खासतौर पर ध्यान देते हुए पूरा करो और जब ये करोगे तो इस का नाम तक़्वा है। और यही रमज़ान का और रोज़ों का मक़सद है और जब इन्सान इस नीयत और इस मक़सद की प्राप्ति के लिए रोज़े रखेगा और रमज़ान में से गुज़रेगा और नेक नीयत हो कर गुज़रेगा तो फिर ये तबदीली अस्थायी नहीं होगी बल्कि एक स्थायी तबदीली होगी

फिर अधिकार अल्लाह की अदायगीयों की तरफ़ भी स्थायी ध्यान रहेगी। इबादतों के हक़ अदा करने की तरफ़ भी स्थायी ध्यान रहेगा। दुनिया की व्यस्तता और व्यर्थ बातें ग़लबा नहीं करेंगी और इन्सानों के अधिकार अदा करने की तरफ़ भी उमूमी ध्यान रहेगा। अपने व्यक्तिगत लाभों के लिए हम लोगों के हक़ मारने वाले नहीं होंगे। अगर हम इस नीयत से और इस इरादे से रोज़ों के महीने में दाख़िल नहीं हो रहे तो हमारा रमज़ान में दाख़िल होना बेफ़ाइदा है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक अवसर पर इरशाद फ़रमाया कि जो बंदा अल्लाह तआला के रास्ते में इस का फ़ज़ल चाहते हुए रोज़ा रखता है तो अल्लाह तआला उस के चेहरे और आग के मध्य 70 ख़रीफ़ की दूरी पैदा कर देता है

(सही अलबख़ारी किताबुल जिहाद वालसीर बाब फ़ज़ल अस्सौम फ़ी सबीलिल्लाह हदीस 2840)

अर्थात खुष्की या सर्दी का मौसम है तो जो दूरी एक मौसम और अगले मौसम के मध्य है वह इतनी दूरी है कि सत्तर ख़रीफ़ की दूरी पैदा कर देता है अर्थात एक ख़रीफ़ और दूसरे ख़रीफ़ में एक साल की दूरी है तो इतनी दूरी पैदा कर देता है जो सत्तर सालों के बराबर है। तो ये हैं रोज़े की बरकतें और ये है वह तक़्वा जो रोज़ा पैदा करता है। अर्थात रोज़ा सिर्फ़ तीस दिन के लिए तक़्वा पैदा नहीं करता बल्कि वास्तविक रोज़ा सत्तर साल तक अपना प्रभाव रखता है और इस हिसाब से अगर हम देखें तो रोज़े की फ़र्ज़ीयत होने के बाद एक इन्सान पर, एक बालिग़ मुस्लमान पर जब रोज़ा फ़र्ज़ होता है इस के बाद जो रोज़े से वास्तविक फ़ैज़ उठाने वाला है और इस की रूह को समझ कर रोज़े रखने वाला है वे सारी उम्र के लिए ही इन बरकतों से फ़ैज़ पाता रहेगा जो रोज़े में अल्लाह तआला ने रखी हैं और तक़्वा की राहों को तलाश करता रहेगा जो रोज़े का उद्देश्य है और इस तरह अल्लाह तआला की नाराज़गी से बच जाएगा और इस की प्रसन्नता प्राप्त करने वाला बनता चला जाएगा

अगर हम कल्पना करें कि ऐसे रोज़ेदार हमारे समाज में पैदा हो जाएं तो वे किस क़दर ख़ूबसूरत समाज होगा जहां अल्लाह तआला के हक़ भी अदा किए जा रहे होंगे और बंदों के हक़ भी अदा किए जा रहे होंगे और यही वह हसीन समाज है जो हर मोमिन क़ायम करने की इच्छा रखता है बल्कि हर इन्सान इस समाज को क़ायम रखने की कोशिश करता है। लेकिन जैसा कि मैंने कहा जहां तक उस के अपने अधिकार का सवाल है वह प्राय अपने लिए तो यह पसंद करता है चाहे दूसरे के लिए इस को ख़्याल न आए लेकिन इस्लाम कहता है कि दूसरों के लिए भी तुमने यह समाज स्थापित करना है। सिर्फ अपनी सविधाएं नहीं देखनी, अपने स्वार्थ नहीं देखने, अपने अधिकार नहीं देखने बल्कि दूसरों के अधिकार की भी सुरक्षा करनी है, उनका भी ख़्याल करना है।

आजकल वाइरस की जो महामारी फैली हुई है उसने हुकूमती क़ानून के अधीन अक्सर लोगों को घरों में बंद कर दिया है और इस दृष्टि से यहां एक अच्छी बात जमाअत में भी और कुछ जगहों पर लोगों में भी पैदा हो रही है और उन को ख़्याल आ रहा है। लेकिन दुनिया के हर देश में जमाअत में खासतौर पर इस तरफ़ ध्यान है। ख़ुद्दामुल अहमदिया के अधीन, वालंटेयरज़ के अधीन जहां-जहां लोगों को ख़ुराक पहुंचाने के लिए या दूसरी सुविधाएं पहुंचाने के लिए, दवाईयां पहुंचाने के लिए मदद की ज़रूरत है वह कर रहे हैं। तो यह जो हक़ अदा किए जा रहे हैं यह एक ऐसा नमूना पेश कर रहे हैं जिससे अपने तो लाभ उठा ही रहे हैं ग़ैर भी फ़ायदा उठा कर प्रभावित हो रहे हैं। अत: इन्सानी सेवा के लिए यह सोच जो आजकल पैदा हुई है यह सोच भी हमेशा हमारे अंदर क़ायम रहने वाली होनी चाहिए न कि सिर्फ हंगामी हालात के लिए।

बहरहाल इस के अतिरिक्त रुहानी लाभ क्या हैं? लोग लिखते हैं कि इस वजह से हमारे घर का एक नया माहौल बन गया है कि हम घरों में बैठ गए हैं। नमाज़ें बाजमाअत अदा होती हैं। नमाज़ों के बाद संक्षिप्त दर्स भी होता है। ख़ुत्बा इकट्ठे बैठ कर सुनते हैं और कुछ दूसरे प्रोग्राम एम टी ए पर देखते हैं। अगर यह लॉक डाउन और अधिक लंबा होता है , अगर यह पूरे रमज़ान तक हावी रहता है तो फिर इस रमज़ान में इस तरह बाजमाअत नमाज़ें और दरस को और अधिक ध्यान से अदा करने की हमें कोशिश करनी चाहिए। बच्चों को छोटे छोटे मसाइल भी सिखाएँ और बताएं। जैसा कि पहले भी मैंने एक ख़ुत्बे में कहा था कि इस तरह अपना इल्म भी बढ़ाएं और बच्चों का इलम भी बढ़ाएं और दुआओं की तरफ़ ध्यान देकर खासतौर पर अल्लाह तआला से अपने लिए भी और दुनिया के लिए भी रहम मांगें। अत: यह दिन जो अल्लाह तआला हमें दे रहा है इस का भरपूर फ़ायदा उठाना चाहिए। इस महामारी ने प्राय घरों में जो माहौल पैदा कर दिया है जैसा कि मैं ने कहा इस में और अधिक बेहतरी की तरफ़ हमें ध्यान देनी चाहिए न कि इन दुनिया-दार घरों की तरह हो जाएं जिन घरों के बारे में प्राय आता है कि घरों में लड़ाईयां और फ़साद बढ़ गए हैं और बेचेनियां बढ़ गई हैं। एक नेक माहौल में तो इस नेकी की वजह से जिसके करने की तरफ़ हमें ध्यान दिलाई गई है हमारे माहौल बेहतर होने चाहिऐं। कई बार मर्द इस माहौल का मुकम्मल हिस्सा नहीं बनते जो एक दीनी माहौल घरों में पैदा हो रहा है और कई बार औरतें अपनी प्राथमिकताएं विभिन्न रखती हैं। ऐसे लोगों को यह समझ ही नहीं है कि ऐसे हालात मैं किस क़दर अल्लाह तआला की तरफ़ झुकने और इस की रज़ा प्राप्त करने की ज़रूरत है और यही वह वक़्त है जब बच्चों को भी ज़्यादा से ज़्यादा ख़ुदा तआला के क़रीब लाया जा सकता है। अत: इन दिनों में हमारे हर घर को, हमारे हर अहमदी घर को इन दिनों में इस तरफ़ बहुत ध्यान करने की ज़रूरत है ताकि हम ज़्यादा से ज़्यादा ख़ुदा तआला का प्यार जज़ब कर सकें और अंजाम बख़ैर हो। अल्लाह तआला हमें तक़्वा की हक़ीक़त को समझने की और इस पर चलने होने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने विभिन्न अंदाज़ में विभिन्न अवसरों पर तक़्वा को स्पष्ट किया है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम इस ज़माना का हिस्न हसीन (मज़बूत क़िला) हैं। वह मज़बूत सुरक्षा स्थल और क़िला हैं जिन्होंने अल्लाह तआला से रहनुमाई प्राप्त कर के इस्लाम की वास्तविक शिक्षा हम पर स्पष्ट कर के बड़े दर्द से हमें अल्लाह तआला और इस के रसूल के बताए हुए रास्ते दिखा कर इस सुरक्षा स्थल में दाख़िल होने की तरफ़ ध्यान दिलाया है। अत: हमारा फ़र्ज़ बनता है कि हम जो इस बात का अह्द कर के आप की जमाअत में शामिल हुए हैं कि आप की बातों को सुनकर इस पर अनुकरण करेंगे, इस अह्द को पूरा करें जो हमने आप से किया है। आप के दर्द से भरे शब्दों पर ग़ौर कर के उन पर अनुकरण करें और जहां हम ओहदों को पूरा करने वाले बनें वहां अपनी दुनिया तथा परलोक भी संवारने वाले बन जाएं। इस वक़्त में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कुछ उद्धरण प्रस्तुत करूँगा जिन को विभिन्न मज्लिसों में आप ने जमाअत के लोगों के सामने हमारी रुहानी तरक़्क़ी और तक़्वा में तरक़्क़ी के लिए वर्णन फ़रमाया। एक मज्लिस में इस बात को स्पष्टता से वर्णन फ़रमाते हुए कि तक़्वा किया है और कैसे प्राप्त हो सकता है हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं

"ज़रूरी बात यह है कि पहले यह समझ ले कि तक़्वा क्या चीज़ है और कैसे प्राप्त होता है। तक़्वा तो यह है कि सूक्ष्म से सूक्ष्मतर गन्दगी से बचे और इस को प्राप्त करने का यह तरीक़ा है कि इन्सान ऐसी भरपूर कोशिश करे कि गुनाह के किनारा तक न पहुंचे और फिर केवल कोशिश ही को काफ़ी न समझे बल्कि ऐसी दुआ करे जो इस का हक़ है कि नर्म हो जाए। बैठ कर, सिज्दा में,रुकू में, क़ियाम में और तहज्जुद में अत: हर हालत और हर वक़त इसी फ़िक्र तथा दुआ में लगा रहे कि अल्लाह तआला गुनाह और कमज़ोरियों की बुराई से नजात बख़्शे।" फ़रमाया कि "इस से बढ़कर कोई नेअमत नहीं है कि इन्सान गुनाह और पाप से महफ़ूज़ और मासूम हो जाए और ख़ुदा तआला की नज़र में सच्चा और सादिक़ ठहर जाए।" फ़रमाया "लेकिन यह नेअमत न तो केवल कोशिश से प्राप्त होती है और न केवल दुआ से।" न कोशिश काफ़ी है। न केवल दुआ काफ़ी है। "बल्कि यह दुआ और कोशिश दोनों के सम्पूर्ण मिलाप से प्राप्त हो सकती है।" जब तक दोनों चीज़ों की चरम नहीं करोगे यह चीज़ नहीं मिल सकती। फ़रमाया कि "जो व्यक्ति केवल दुआ ही करता है और कोशिश नहीं करता वह व्यक्ति गुनाह करता है और ख़ुदा तआला को आज़माता है। ऐसा ही जो केवल चेष्टा करता है और दुआ नहीं करता वह भी शोख़ी करता और ख़ुदा तआला से इस्तिग़ना (आवश्यकता) ज़ाहिर कर के अपनी परामर्श और चेष्टा और ताकत से नेकी प्राप्त करना चाहता है।" अपनी ताकत से

नेकियां नहीं प्राप्त हो सकतीं। फिर फ़रमाया "लेकिन मोमिन और सच्चे मोमिन "और सच्चे मुस्लमान की यह आदत नहीं। वह कोशिश और दुआ दोनों से काम लेता है। पूरी चेष्टा करता है।" जो ज़ाहिरी माध्यम हैं उनको पूरा करता है "और फिर मामला ख़ुदा तआला पर छोड़कर दुआ करता है और यही शिक्षा क़ुरआन शरीफ़ की पहली ही सूरत में दी गई है अत: फ़रमाया है।اِيَّاكَ نَعۡبُدُ وَاِيَّاكَ نَسۡتَعِيۡنُ जो शख़्स अपनी शक्तियों से काम नहीं लेता वह न केवल अपनी शक्तियों को नष्ट करता और उनका अपमान करता है बल्कि वह गुनाह करता है।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 337-338 प्रकाशन 1984 ई)

फिर इस को और अधिक विस्तार से इस तरह वर्णन फ़रमाया कि

"जो कुछ शक्तियां ख़ुदा तआला ने इन्सान को प्रदान की हैं उनसे पूरा काम लेकर फिर वह अंजाम को ख़ुदा के सपुर्द करता है और ख़ुदा तआला से निवेदन करता है कि जहां तक तूने मुझे शक्ति प्रदान की थी इस सीमा तक तो मैंने इस से काम ले लिया। यह اِيَّاكَ نَعۡبُدُ के अर्थ हैं। और फिर اِيَّاكَ نَسۡتَعِيۡنُ कह कर ख़ुदा से सहायता चाहता है कि बाक़ी स्तरों के लिए मैं तुझ से सहायता मांगता हूँ।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 338-339 हाशिया प्रकाशन 1984 ई)

लेकिन हमें हमेशा यह याद रखना चाहिए कि ख़ुदा तआला हमारे दिलों के हाल और हमारे हर कर्म से परिचित है इसलिए अपनी कोशिश को इंतिहा तक पहुंचा कर जिस सीमा तक तौफ़ीक़ है इस सीमा तक कोशिश कर के फिर उस की मदद का भी अभिलाषी हुआ जा सकता है। अत: इस मामला में भी अपने नफ़्स को अच्छी तरह टटोलने की ज़रूरत है। यह देखने की ज़रूरत है कि क्या तक़्वा से हम काम ले रहे हैं कि नहीं। फिर आप ने फ़रमाया

"इस में शक नहीं है कि इन्सान कई बाक चेष्टा से फ़ायदा उठाता है लेकिन चेष्टा पर सारा भरोसा करना सख़्त नादानी और जहालत है। जब तक चेष्टा के साथ दुआ न हो कुछ नहीं और दुआ के साथ चेष्टा न हो तो कुछ लाभ नहीं। जिस खिड़की की राह से पाप आता है पहले ज़रूरी है कि इस खिड़की को बंद किया जाए।" फिर जिस सुराख़ से या जिस जगह से गुनाह अंदर आता है जो चीज़ गुनाह की, ना-फ़रमानी की, धर्म से दूर हटने का कारण बनती है पहले ज़रूरी है कि इस कारण को दूर किया जाए। फ़रमाया कि इस खिड़की को बंद किया जाए। "फिर नफ़्स की आसानी के लिए दुआ करता रहे। इसी के लिए कहा है

وَالَّذِيۡنَ جَاهَدُوۡا فِيۡنَا لَنَهۡدِيَنَّهُمۡ سُبُلَنَا (अल-अनकबूत 70)

फ़रमाया कि "'इस में कितनी हिदायत तदबीरों को व्यवहार में लाने के लिए की गई है। कोशिशों में ख़ुदा को न छोड़े। दूसरी तरफ़ फ़रमाता है اُدۡعُوۡنِيۡۤ اَسۡتَجِبۡ لَكُمۡ (अल-मोमिन 61) अत: अगर इन्सान पूरे तक़्वे का इच्छुक है तो चेष्टा करे और दुआ करे। दोनों को जो करने का हक़ है करे। तो इसी हालत में ख़ुदा इस पर रहम करेगा लेकिन अगर एक करेगा और दूसरी को छोड़ेगा तो वंचित रहेगा।

(मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 338-339 प्रकाशन 1984 ई)

फिर इस को और अधिक खोलते हुए हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि

"अत: इन्सान ऐसे तरीक़ा से तक़्वा पर क़ायम होता है।" अर्थात चेष्टा और दुआ से । फिर फ़रमाया "और अल्लाह का तक़्वा प्रत्येक कर्म की जड़ है।" फ़रमाया कि इन्सान ऐसे तरीक़ से तक़्वा पर क़ायम होता है। वह कौन सा तरीक़ा है? जो पहले वर्णन हुआ है अर्थात चेष्टा भी और दुआ भी। ऐसे तरीका से तक़्वा पर क़ायम होता है और अल्लाह का तक़्वा प्रत्येक कर्म की जड़ है। "जो इस से ख़ाली है वह दुराचारी है। तक़्वा से कर्मों की सुन्दरता पैदा होती है।" तक़्वा ही है जो कर्मों की ख़ूबसूरती पैदा करता है। "और इस के माध्यम से अल्लाह तआला का क़ुरब मिलता है और इसी के माध्यम वह अल्लाह तआला का वली बन जाता है। अत: फ़रमाया है

اِنۡ اَوۡلِيَآؤُهٗۤ اِلَّا الۡمُتَّقُوۡنَ (अल-अनफ़ाल 35)

फिर اِنۡ اَوۡلِيَآؤُهٗۤ اِلَّا الۡمُتَّقُوۡنَ की वज़ाहत और अधिक इस तरह फ़रमाई कि

"वलाएत का हिस्सा तक़्वा ही पर है। ख़ुदा तआला से भयभीत और डरते हुए हो कर अगर उसे प्राप्त करोगे तो कमाल तक पहुंच जाओगे।

(मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 340 हाशिया सहित)

अल्लाह के औलिया बनना है तो वह तक़्वा से मिलता है और अगर अल्लाह तआला का ख़ौफ़ दिल में रहेगा ,इस से डरते रहोगे तो फिर इन्सान इस कमाल तक पहुंच सकता है। फिर हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं

"कामिल तौर पर जब तक़्वा का कोई स्तर बाक़ी न रहे तो फिर यह औलिया अल्लाह में दाख़िल हो जाता है और तक़्वा हक़ीक़त में अपने कामिल दर्जा पर एक मौत है क्योंकि जब नफ़्स की सारे पहलूओं से विरोध करेगा तो नफ़्स मर जाएगा। इसी लिए कहा गया है कि مُوۡتُوۡا قَبۡلَ اَنۡ تَمُوۡتُوۡا

फ़रमाया कि "नफ़्स ज़ाहिरी आन्नदों को पसन्द करता है , भीतरी अन्नदों से यह बिलकुल बे-ख़बर है।" अर्थात अल्लाह तआला के जो आन्नद हैं जो रुहानी आन्नद हैं वह तो छिपे हुए आन्नद हैं उनको तो जानता ही नहीं। ज़ाहिरी दुनिया की चकाचौंध है उन्हीं को इन्सान जानता है और नफ़्स उन्हीं को चाहता है। नफ़्स को ख़बरदार करने के लिए फ़रमाया कि "उसे ख़बरदार करने के लिए ज़रूरी है कि अव्वल ज़ाहिरी आन्नदों पर एक मौत वारिद हो और फिर नफ़्स को भीतरी आन्नदों का ज्ञान हो।" ज़ाहरी आन्नद जो हैं उन पर मौत वारिद हो तो फिर नफ़्स को भीतरी लज़्ज़ात का इलम होगा। फ़रमाया कि "उस वक़्त इलाही आन्नद जो कि जन्नती ज़िंदगी का नमूना है शुरू होगी।" जब छुपी हुई लज़्ज़ात का इलम होना शुरू होगा तो जन्नती ज़िन्दगी का नमूना शुरू होगा। फिर आप ने इसी हवाले से जमाअत को नसीहत करते हुए फ़रमाया कि अत: "हमारी जमाअत को चाहिए कि नफ़्स पर मौत वारिद करने" यह कोई बड़े अल्लाह के औलिया और बहुत उच्च स्तर के पहुंचे हुए लोगों को नसीहत नहीं है बल्कि जमाअत के सामान्य लोगों को आप की नसीहत है। यह न समझे कि इस स्थान पर पहुंचने के लिए, अल्लाह तआला के लिए एक ख़ास स्थान चाहिए और हर नफ़्स नहीं पहुंचता। आप ने जमाअत को प्राय नसीहत फ़रमाई है। फ़रमाया अत: "हमारी जमाअत को चाहिए कि नफ़्स पर मौत वारिद करने और तक़्वा को प्राप्त करने के लिए वह अव्वल चेष्ठा करें जैसे बच्चे सुन्दर लिखाई के लिए सीखते हैं तो प्रथम प्रथम टेढ़े अक्षर लिखते हैं लेकिन अन्त में चेष्टा करते करते ख़ुद ही साफ़ और सीधे अक्षर लिखने लग जाते हैं। इसी तरह उनको भी कोशिश करनी चाहिए। जब अल्लाह तआला उनकी मेहनत को देखेगा तो ख़ुद उन पर रहम करेगा और यह जो पहले वर्णन हुआ था وَالَّذِيۡنَ جَاهَدُوۡا فِيۡنَا उस को और अधिक स्पष्ट फ़रमाते हैं कि "وَالَّذِيۡنَ جَاهَدُوۡا فِيۡنَا में चेष्ठा से अभिप्राय यही कोशिश है।" मेहनत करे इन्सान और अल्लाह तआला से दुआ मांगे तो अल्लाह तआला रहम करता है और इस को फल लगाता है। फ़रमाया कि इस में कोशिश से अभिप्राय यही कोशशि है जिस तरह एक बच्चा कोशिश करता है " कि एक तरफ़ दुआ करता है दूसरी तरफ़ कामिल चेष्टा करे आख़िर अल्लाह तआला का फ़ज़ल आ जाता है और नफ़्स का जोश दब जाता है और ठंडा हो जाता है और ऐसी हालत हो जाती है जैसे आग पर पानी डाल दिया जाए। बहुत से इन्सान हैं जो नफ़्स अम्मारा ही में पड़े रहते हैं।"

फिर जमाअत के भीतरी सुधार के लिए आप फ़रमाते हैं कि "मैं देखता हूँ कि जमाअत में आपस में झगड़े भी हो जाते हैं।" आपस में झगड़े हैं। नाराज़गियां हैं। दूरियाँ हैं वे हो जाती हैं" और साधारण झगड़ों से फिर एक दूसरे की इज़्ज़त पर हमला करने लगता है और अपने भाई से लड़ता है। यह बहुत ही अनुचित हरकत है। यह नहीं होना चाहिए बल्कि एक अगर ग़लती का एतराफ़ कर ले तो क्या हर्ज है?" फ़रमाया कि "कुछ आदमी थोड़ी थोड़ी सी बात पर दूसरे के अपमान का इक़रार किए बिना पीछा नहीं छोड़ते। इन बातों से परहेज़ करना अनिवार्य है। ख़ुदा तआला का नाम सत्तार है। फिर यह क्यों अपने भाई पर रहम नहीं करता और क्षमा और बुराई झुपाने से काम नहीं लेता। चाहिए कि अपने भाई की पर्दापोशी करे और इस के मान तथा सम्मान पर हमला न करे।"

फिर फ़रमाया कि "अभी तक बहुत से आदमी जमाअत में ऐसे हैं कि थोड़ी सी बात भी नफ़्स के विरुद्ध सुन लेते हैं तो उनको जोश आ जाता है हालाँकि ऐसे समस्त जोशों को दूर करना बहुत ज़रूरी है।" उनको ख़त्म करना बहुत ज़रूरी है "ताकि दया और बुर्दबारी तबीयत में पैदा हो।" फ़रमाया "देखा जाता है कि जब एक तुच्छ सी बात पर बेहस शुरू होती है तो एक दूसरे को पराजित करने की फ़िक्र में होता है कि " किस तरह में दूसरे को नीचा दिखाऊँ" किसी तरह मैं विजयी हो जाऊं। ऐसे अवसर पर नफ़्स के जोश से बचना चाहिए और फ़साद को दूर करने के लिए छोटी छोटी बातों में जान बूझ कर ख़ुद अपमान धारण कर लेना चाहिए। इस बात की कोशिश हरगिज़ न करनी चाहिए कि मुक़ाबला में अपने दूसरे भाई को अपमानित किया जाए।" (मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 341 से 342)

फ़रमाया कि "यह बड़े गर्व की जड़ और बीमारी है कि दूसरे की भूल पकड़ कर इश्तिहार दे दिया जाए।" फ़रमाया कि "अपने भाई पर विजय पाने का ख़्याल गर्व की एक जड़ है।" गर्व की जड़ पहले वर्णन फ़रमाई थी कि दूसरे की भूल पकड़ कर इश्तिहार दे दिया जाए, और अधिक वज़ाहत फ़रमाई कि "अपने भाई पर फ़तह पाने का विचार भी गर्व की एक जड़ है और बड़ी भारी बीमारी है कि वह अपने एक

भाई की बुराई को प्रचारित करने की तरग़ीब दिलाती है।" फ़रमाया "ऐसे मामलों से नफ़्स ख़राब हो जाता है । इस से परहेज़ करना चाहिए। अत: ये सब बातों तक़्वा में दाख़िल हैं और अंदरूनी बैरूनी मामलों में तक़्वा से काम लेने वाला फ़रिश्तों में दाख़िल किया जाता है क्योंकि इस में कोई सरकशी बाक़ी नहीं रह जाती। तक़्वा प्राप्त करो क्योंकि तक़्वा के बाद ही ख़ुदा तआला की बरकतें आती हैं। मुत्तक़ी दुनिया की बलाओं से बचाया जाता है। ख़ुदा उनका पर्दापोश हो जाता है। जब तक यह तरीक़ धारण न किया जाए कुछ फ़ायदा नहीं। ऐसे लोग मेरी बैअत से कोई फ़ायदा नहीं उठा सकते।"

फ़रमाया कि "याद रखो बैअत का ज़बानी इक़रार कुछ चीज़ नहीं है अल्लाह तआला नफ़्स की पवित्रता चाहता है।" फ़रमाया कि फ़ायदा तो कोई नहीं होगा। "फ़ायदा हो भी तो किस तरह जबकि एक ज़ुल्म तो अंदर ही रहा। अगर वही जोश, गर्व, अंहकार, अजब, दिखावा, शीघ्र क्रोधित होना बाक़ी है जो दूसरों में भी है तो फिर अन्तर ही क्या है?"

इस की और अधिक स्पष्ट करते हुए इस तरह वर्णन फरमाते हैं

"इसलिए अपने नफ़्सों में तबदीली करो और अख़लाक़ का उच्च नमूना प्राप्त करो।" फ़रमाया कि "नेक अगर एक ही हो और वह सारे गांव में एक ही हो तो लोग करामत की तरह इस से प्रभावित होंगे नेक आदमी हो और सईद फ़ितरत हो, लोगों को लाभ पहुंचाने वाला हो, अपनी भावनाओं को क़ाबू में रखने वाला हो, विनीत हो तो फ़रमाया कि लोग करामत की तरह इस से प्रभावित होंगे। यह भी तब्लीग़ करने का एक माध्यम है। फ़रमाया "नेक इन्सान जो अल्लाह तआला से डर कर नेकी धारण करता है इस में एक रब्बानी रोब होता है और दिलों में पड़ जाता है कि यह ख़ुदा वाला है।" फ़रमाया कि "चाहे कैसी ही दुश्मनी हो धीरे धीरे सब ख़ुद अपने आप उस के अधीन हो जाएंगे और बजाय तुच्छता के इस की महानता करने लग जाएंगे फ़रमाया कि "यह बिलकुल सच्ची बात है कि जो ख़ुदा तआला की तरफ़ से आता है ख़ुदा तआला अपनी महानता से इस को हिस्सा देता है और यही तरीक़ नेक किस्मती का है। अत: याद रखो कि छोटी छोटी बातों में भाईयों को दुख देना ठीक नहीं है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम समस्त आचरण के अधिकारी हैं और इस वक़्त ख़ुदा तआला ने आख़िरी नमूना आप के आचरण का क़ायम किया है।" फ़रमाया कि "इस वक़्त भी अगर वही दरिंदगी रही तो फिर सख़्त अफ़सोस और कम-नसीबी है। अत: दूसरों पर आरोप न लगाओ क्योंकि कई बार इन्सान दूसरे पर आरपो लगा कर ख़ुद इस में गिरफ़्तार हो जाता है। अगर वह आरोप इस में नहीं।" अगर वह आरोप इस में नहीं है और फिर तुम ने इल्ज़ाम लगाया है तो ख़ुद इस में गिरफ़्तार हो जाओगे। 'लेकिन अगर वह आरोप सचमुच इस में है।" जिस पर तुम इल्ज़ाम लगा रहे हो, जिसके बारे में कह रहे हो कि इस में यह आरोप है तो फ़रमाया अगर सचमुच इस में है। "तो इस का मामला फिर ख़ुदा तआला से है।" फिर भी तुम्हें आरोप लगाने की कोई ज़रूरत नहीं। अगर बुराई है तो इस का मामला ख़ुदा के साथ है और अगर नहीं है और तुम कह रहे हो तो फिर वह तुम्हारे ऊपर पड़ सकता है। फिर फ़रमाया "बहुत से आदमियों की आदत होती है कि वे अपने भाईयों पर शीघ्र नापाक आरोप लगा देते हैं इन बातों से परहेज़ करो। मानव जाति को लाभ पहुँचाओ और... अपनी बीवियों से उत्तम व्यवहार करो। पड़ोसियों से नेक सुलूक करो। और अपने भाईयों से नेक व्यवहार करो और सबसे पहले शिर्क से बचो कि यह तक़्वा की आरम्भिक ईंट है।"

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 340 से 344 हाशिया के साथ प्रकाशन 1984 ई)

फिर आप फ़रमाते हैं "तक़्वा के अर्थ हैं बुराई की बारीक राहों से परहेज़ करना। मगर याद रखो नेकी इतनी नहीं है कि एक शख़्स कहे कि मैं नेक हूँ इसलिए कि मैं ने किसी का माल नहीं लिया, डाका नहीं मारा, चोरी नहीं करता, बुरी नज़र और व्यभिचार नहीं करता। ऐसी नेकी आरिफ़ के नज़दीक हंसी के योग्य है क्योंकि अगर वे इन बदियों को करे और चोरी या डाका मारे तो वह सज़ा पाएगा। अत: यह कोई नेकी नहीं कि जो आरिफ़ की दृष्टि में सम्मान को योग्य हो बल्कि असली और हक़ीक़ी नेकी यह है कि मानव जाति की सेवा करे और अल्लाह तआला की राह में पूर्ण सच्चाई और वफ़ादारी दिखलाए और इस की राह में जान तक दे देने को तैयार हो। इसी लिए यहां फ़रमाया है

إِنَّ اللّٰهَ مَعَ الَّذِيْنَ اتَّقَوْا وَّالَّذِيْنَ هُمْ مُّحْسِنُوْنَ (अन्नहल 129)

अर्थात अल्लाह तआला उनके साथ है जो बदी से परहेज़ करते हैं और साथ ही नेकियां भी करते हैं। यह ख़ूब याद रखो कि केवल बुराई से परहेज़ करना कोई ख़ूबी की बात नहीं जब तक उस के साथ नेकियां न करे।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 241-242 प्रकाशन 1984 ई)

फिर आप फ़रमाते हैं " यक़ीनन समझो कि हर एक पाकबाज़ी और नेकी की असली जड़ ख़ुदा तआला पर ईमान लाना है। जिस क़दर इसान का अल्लाह तआला पर ईमान कमज़ोर होता है उसी क़दर नेक कर्मों में कमज़ोरी और सुस्ती पाई जाती है। लेकिन जब ईमान सुदृढ़ हो।" अल्लाह तआला पर ईमान मज़बूत होगा तो कर्म भी अच्छे होंगे। "जब ईमान सुदृढ़ हो और अल्लाह तआला को इस के समस्त गुणों के साथ यक़ीन कर लिया जाए उसी क़दर अजीब रंग की तबदीली इन्सान के कर्मों में पैदा हो जाती है।" अल्लाह तआला के गुणों पर पूर्ण विश्वास पैदा हो जाए तो एक अजीब रंग की तबदीली इन्सान के कर्मों में पैदा हो जाती है।" ख़ुदा तआला पर ईमान रखने वाला गुनाह पर क़ादिर नहीं हो सकता क्योंकि यह ईमान उस की नफ़्सानी कुव्वतों और गुनाह के अंगों को काट देता है।" फ़रमाया कि "देखो अगर किसी की आँखें निकाल दी जाएं तो वह आँखों से बदनज़री कैसे कर सकता है और आँखों का गुनाह कैसे करेगा ? और अगर ऐसा ही हाथ काट दिए जाएं फिर वह गुनाह जो इन अंगों से सम्बन्धित हैं कैसे कर सकता है।" फ़रमाते हैं कि "ठीक इसी तरह पर जब एक इन्सान नफ़्स मुतमइन्ना की अवस्था में होता है तो नफ़्स मुतमइन्ना उसे अंधा कर देता है और इस की आँखों में गुनाह की क़ुव्वत नहीं रहती। वह देखता है पर नहीं देखता क्योंकि आँखों के गुनाह" अर्थात देखता तो है मगर बदनज़री की नज़र से नहीं देखता। गुनाह की नज़र से "नहीं देखता क्योंकि आँखों के गुनाह की नज़र छीन ले जाती है। वह कान रखता है मगर बहरा होता है।" सुनता है लेकिन ग़लत बातें नहीं सुनता। "और वे बातें जो गुनाह की हैं नहीं सुन सकता। इसी तरह पर इस की समस्त नफ़्सानी और शहवानी क़ुव्वतें और भीतरी अंग काट दिए जाते हैं। इस की सारी ताक़तों पर जिनसे गुनाह हो सकता था एक मौत हो जाती है और वह बिलकुल एक लाश की तरह होता है और ख़ुदा तआला ही की इच्छा के अधीन होता है वह उस के सिवा एक क़दम नहीं उठा सकता। यह वह हालत होती है जब ख़ुदा तआला पर सच्चा ईमान हो और जिसका नतीजा यह होता है कि पूर्ण सन्तोष उसे दिया जाता है।" आप फ़रमाते हैं कि "यही वह स्थान है जो इन्सान का वास्तविक लक्ष्य होना चाहिए।" फिर इस बारे में कि जो इन्सान का वास्तविक लक्ष्य होना चाहिए फिर आगे जमाअत को फ़रमाया "और हमारी जमाअत को इस की ज़रूरत है और सम्पूर्ण सन्तोष के प्राप्त करने के लिए सम्पूर्ण ईमान की ज़रूरत है। अत: हमारी जमाअत का" फ़रमाते हैं कि " हमारी जमाअत का पहला फ़र्ज़ यह है कि वह अल्लाह तआला पर सच्चा ईमान प्राप्त करें।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 244-245)

फिर फ़रमाते हैं आप "कोई पवित्र नहीं बन सकता जब तक ख़ुदा तआला न बनाए। जब ख़ुदा तआला के दरवाज़ा पर विनय और विनम्रता से इस की रूह गिरेगी तो ख़ुदा तआला उस की दुआ स्वीकार करेगा और वह मुत्तक़ी बनेगा और इस वक़्त वह इस योग्य हो सकेगा कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के धर्म को समझ सके। उस के बिना जो कुछ वह धर्म धर्म कर के पुकारता है और इबादत इत्यादि करता है वह एक रस्मी बात और विचार हैं कि पूर्वजों के अनुसरण से सुन सुना कर करते हैं। बाप दादा कर रहे थे तो मैं भी कर रहा हूँ "कोई हक़ीक़त और रूहानियत उस के अंदर नहीं होती।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 228 प्रकाशन 1984 ई)

अत: ये हैं वे तक्वा के स्तर और यह है वह धर्म को जानने ,समझने और अमल करने का स्तर जिसे प्राप्त करने की तरफ़ हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हमें ध्यान दिलाया और जिसकी हमें कोशिश करनी चाहिए और अपने कर्मों के साथ अल्लाह तआला के हुज़ूर विनम्रता से झुक कर उस की मदद मांगनी चाहिए कि ख़ुदा तआला हमें इन स्तरों को प्राप्त करने और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम की आशाओं पर पूरा उतरने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए और यही तक़्वा है जो फिर अगली आयात में रोज़े की इस की छूट की जो विस्तार वर्णन की गई हैं उस के सही प्रयोग करने की भी तौफ़ीक़ देता है। यह हर इन्सान की अपनी हालत पर अल्लाह तआला ने छोड़ा है शर्त यह है कि तक़्वा से काम लिया जाए। अगर रोज़े रखने की ताक़त नहीं, ऐसी बीमारी है जिसमें रोज़ा बर्दाश्त करना मुश्किल है, ऐसी बीमारी है जिसमें डाक्टर ने कहा है कि रोज़ा नहीं रखना तो फिर फ़िद्या दे दो लेकिन बहाने तलाश कर के फ़िद्या का जवाज़ पैदा न करो बल्कि फ़रमाया कि नेक काम के लिए आज्ञापालन ज़रूरी है। यह देखना है कि अल्लाह तआला ने किस तरह इस काम को करने का हुक्म दिया है। अत: अगर गहराई में जा कर, तक़्वा पर चलते हुए कोई अपना जायज़ा ले तो पता चलता है कि रोज़ा रखना बेहतर है या अस्थायी तौर पर फ़िद्या देना है। अल्लाह तआला ने फिर आगे और अधिक स्पष्टता से फ़र्मा दिया कि

मरीज़ हो या सफ़र पर हो तो रोज़ा न रखो क्योंकि अल्लाह तआला तंगी नहीं चाहता और जब बीमारी दूर हो जाए तो फिर छोड़े हुए रोज़े पूरे करो। सफ़र के दौरान जो रोज़े छूट गए उन्हें पूरा करो चाहे फ़िद्या दे भी दिया हो। अत: घूम फिर कर बात वहीं आ जाती है कि तक़्वा से काम लेते हुए अल्लाह तआला का ख़ौफ़ और इस बात को सामने रखते हुए कि वह हमारी हालतों को जानता है अपने फ़ैसले करो तो अल्लाह तआला तुम्हारे लिए बेहतर अवस्था पैदा करेगा, बेहतर परिणाम पैदा करेगा।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम फ़रमाते हैं वह शख़्स जिसका दिल इस बात से ख़ुश है कि रमज़ान आ गया और मैं इस की प्रतीक्षा कर रहा था कि आए और रोज़ा रखूं और वह बीमारी के कारण से रोज़ा नहीं रख सका तो वह आसमान पर रोज़े से वंचित नहीं है। फ़रमाया इस दुनिया में बहुत लोग बहाना तलाश करते हैं, बहाने करते हैं और वे ख़्याल करते हैं कि हम जिस तरह दुनिया वालों को धोखा दे लेते हैं वैसे ही ख़ुदा को फ़रेब देते हैं। दुनिया वालों को धोखा दे लिया तो अल्लाह को भी दिया जा सकता है। बहाना तलाश करने वाले अपने वजूद से आप मसला तराश करते हैं। ख़ुद ही मसला बना लिया और आशंकाएं शामिल कर के उनको सही गिनते हैं। बीच में आशंकाएं शामिल कर ली यह हो गया वह हो गया और समझते हैं कि रोज़ा छोड़ने की सही वजह बयान हो गई। फ़रमाया लेकिन ख़ुदा तआला के निकट वह सही नहीं। फ़रमाया कि आशंकाओं का अध्याय बहुत व्यापक है। बहाने बनाने हैं या उज्र निकालने हैं तो एक से दूसरा बहाना निकलता चला जाता है। फ़रमाते हैं अगर इन्सान चाहे कि अन्हीं आशंकाओं को बुनियाद बनाना है तो फिर अगर इन्सान चाहे तो सारी उम्र बैठ कर नमाज़ पढ़ता रहे और रमज़ान के रोज़े बिलकुल न रखे। फ़रमाते हैं कि मगर ख़ुदा उस की नीयत और इरादे को जानता है। अल्लाह तआला ग़ैब को जानने वाला है। हमारी पाताल तक को जानता है। वह हमारी नीयतों को भी जानता है। हमारे इरादों को भी जानता है। फ़रमाया जो सच्चाई और इख़लास रखता है इस के साथ तो अल्लाह तआला सच्चाई और इख़लास दिखाने वाले का सुलूक करता है लेकिन जो बहाना तलाश करता है इस से फिर उस के अनुसार सुलूक होता है क्योंकि अल्लाह तआला जानता है। फिर आप फ़रमाते हैं कि ख़ुदा तआला जानता है जो सच्चाई और इख़लास रखता है। ख़ुदा तआला जानता है कि इस के दिल में दर्द है और ख़ुदा तआला उसे सवाब भी ज़्यादा देता है क्योंकि दर्दे दिल एक सम्मान के योग्य चीज़ है। जो बहाना तलाश करने वाला है इस के दिल में दर्द कोई नहीं। बहाना ढूंढने वाले इन्सान तावीलों पर भरोसा करते है लेकिन ख़ुदा तआला के निकट यह भरोसा कोई चीज़ नहीं (उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 259-260)

अत: यह नियम है जो हमें अपने सामने रखना चाहिए। अल्लाह तआला ने स्पष्ट फ़र्मा दिया कि जो मुसाफ़िर है और मरीज़ है इस के लिए तंगी नहीं वह बाद में पूरा कर ले लेकिन हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने यह भी फ़रमाया है कि इस हालत में भी फ़िद्या भी ज़रूर दो। इस से रोज़ा रखने की तौफ़ीक़ पैदा होगी।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 258)

